www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , शनिवार,28 मार्च 2026

## सुविचार



यदि आप चाहते हैं कि लोग आपके साथ सच्चा व्यवहार करें तो आप खुद सच्चे बनें और अन्य लोगों से भी सच्चा व्यवहार करें।

- महर्षि अरविन्द

## बरेली के प्रमुख समाचार


- जिला महिला अस्पताल से नवजात गायब, बेसुध पड़ी मिली मां-II
- रामनवमी पर मंदिरों में की पूजा-अर्चना, घर-घर जिमाईं कन्याएं-III
- रामनवमी की छुट्टी पर भी डटे रहे कर्मचारी -IV


## सिटी ब्रीफ

### विंडरमेयर थिएटर में पापा पेंटर का मंचन आज

**बरेली, अमृत विचार :** विंडरमेयर थिएटर में शनिवार को मुंबई के उजागर ड्रामाटिक एसोसिएशन के नाटक पापा पेंटर का मंचन होगा। नाटक विजय अशोक शर्मा ने लिखा है। निर्देशन अजीत सिंह पलावत ने किया। संगीत अतिशय अखिल ने दिया। दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश्वर सिंह ने बताया कि एक बेटे के अपने पिता से रिश्तों पर आधारित यह नाटक इन दिनों देशभर में सराहा जा रहा है। हमें विश्वास है कि बरेली के दर्शक भी इसे खूब पसंद करेंगे।

### किरायेदार ने घर में घुसकर की मारपीट

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र में एक विधवा महिला को अपने ही मकान का किराया मांगना भारी पड़ गया। आरोपी किराएदार ने अपने बेटे और साले के साथ मिलकर मकान मालकिन और उसकी गर्भवती बहू से मारपीट की। मामले में तीन नामजद और चार-पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वीर भट्टी निवासी पीड़ित रेखा पीटर के मुताबिक, उनके यहां किराए पर रहने वाला सूरज पिछले छह महीने से बिना किराया दिए ही मकान खाली करके चला गया था। शनिवार को किराया मांगा तो हमला कर दिया।

## शहर में आज

- अध्यात्म की गूंज परिवार द्वारा 9 वां वार्षिकोत्सब पर सुरमयी श्रीराम चरित श्री हरि मंदिर में शाम 4 बजे
- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में मॉडल इममुनिज़ाशम केंद्र का उद्घाटन ओपीडी रूम 1182 में सुबह 11 :30 बजे
- अशोक महान सेवा संघ द्वारा सम्राट अशोक की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह गांधी उद्यान पर शाम 4 बजे से
- श्रीरामलीला सभा सिकलापुर द्वारा मेला व रावण दहन शाम 7 बजे से

## बाबूजी धीरे चलना...



वफादारी, समझदारी और इंसानों से गहरी यारी के इम्तिहान में कुत्तों की तरह घोड़े भी कम नंबर नहीं पाते हैं, सेटेलाइट के पास अकेले इस घोड़े को देखो ! बिन सवार की घाड़ी खींचता हुआ वो मंजिल की ओर कदम बढ़ाए जा रहा था। कार-बाइक वाले भले व्यस्त सड़कों पर स्पीड के बैरियर तोड़ते दिखते हों मगर बिन मालिक के यह घोड़ा न सिर्फ सधे कदमों से गाड़ी खींच रहा था, बल्कि सीधी चाल चलता हुआ इंसानों को गतिशील होकर भी गति की मर्यादा में रहने का संदेश दे रहा था। ● मोहित सिंह

# आईवीआरआई टॉप-100 में शामिल

## क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जगह बनाने वाला देश का पहला संस्थान बना

कार्यालय संवाददाता, बरेली




- आईवीआरआई को वेटरनरी साइंस में 51-100 रैंक बैंड

**अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) ने वैश्विक स्तर पर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में (वेटरनरी साइंस) में विश्व के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के साथ आईवीआरआई देश का पहला संस्थान बन गया, जिसने वेटरिनरी साइंस विषय में इस प्रतिष्ठित वैश्विक रैंकिंग में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अनुसार संस्थान को 51-100 के रैंक बैंड में स्थान मिला है। यह उपलब्धि पशु चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में संस्थान की उत्कृष्टता और बढ़ती वैश्विक पहचान को दर्शाती है। संस्थान के निदेशक एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक डॉ. राघवेंद्र भट्टा ने इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि संस्थान ने पशु स्वास्थ्य, रोग नियंत्रण, टीका विकास और पशुधन उत्पादन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह उपलब्धि संस्थान के वैज्ञानिकों, शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के निरंतर प्रयास, समर्पण और उच्च गुणवत्ता वाले शोध का परिणाम है। आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एमएल जाट ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आईवीआरआई की यह सफलता एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। क्यूएस रैंकिंग में संस्थानों का मूल्यांकन शैक्षणिक प्रतिष्ठा, नियोक्ता प्रतिष्ठा, शोध उद्धरण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग जैसे विभिन्न मानकों के आधार पर किया जाता है। आईवीआरआई का इस सूची में शामिल होना संस्थान के उच्च स्तरीय अनुसंधान, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और वैश्विक सहयोग को दर्शाता है। यह उपलब्धि न केवल आईवीआरआई की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को मजबूत करेगी, बल्कि देश में पशु चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र को नई दिशा भी देगी। विशेषज्ञों के अनुसार इससे पशुधन विकास, खाद्य सुरक्षा और सतत कृषि प्रणाली को भी मजबूती मिलेगी।

# पालतू कुत्तों पर कैंसर का साया वफादारों पर संकट मंडराया

रतन सिंह गुर्जर, बरेली

- आईवीआरआई में हर महीने पहुंच रहे दर्जन से अधिक मामले, अधिकांश में हो रही कैंसर की पुष्टि, वैज्ञानिक चिंतित



आईवीआरआई में इलाज को लाया गया पालतू कुत्ता ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** इंसान और कुत्ते की दोस्ती साढ़े 11 हजार साल से भी पुरानी बताई जाती है। कहा जाता है कि इंसान ने अन्न उगाने से भी पहले कुत्तों से यारी कर ली थी। चिंता की बात ये है कि इंसानों की तरह जानलेवा कैंसर बीमारी कुत्तों पर भी झपट्टा मार रही है। इंडियन वेटनेरी रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईवीआरआई) बरेली में हर महीने बायोप्सी के लिए दर्जन से अधिक कैंसर संदिग्ध मामले पहुंच रहे हैं और उनमें से अधिकांश बीमारी से ग्रसित मिल रहे हैं।

बदलता पर्यावरण, बढ़ता प्रदूषण इंसान ही नहीं, जानवरों की जीवन शैली पर भी बुरे प्रभाव डाल रहा है। कुत्तों में कैंसर के बढ़ते मामले न केवल पशु स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय हैं, बल्कि यह सामाजिक और पर्यावरणीय चेतावनी के रूप में भी उभरते दिखाई दे रहे हैं। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में विकृति विज्ञान विभाग के हैड डॉ. राजवीर सिंह पवैया बताते हैं कि कुत्तों में भी मनुष्यों की भांति विभिन्न प्रकार के कैंसर पाए जा रहे हैं। इनमें मैमरी ट्यूमर, कैनाइन ट्रांसमिसिबल वेनेरियल ट्यूमर (सीटीवीटी), लिम्फोमा, हेमांगियोसारकोमा, ऑस्टियोसारकोमा तथा त्वचा (स्किन) संबंधी कैंसर प्रमुख हैं। अध्ययनों से ज्ञात हुआ कि 4 से 8 वर्ष की आयु के बीच कुत्तों में कैंसर का जोखिम सर्वाधिक सामने आया है। कुत्तों में पाए जाने वाले कैंसर के लक्षण मनुष्यों से काफी हद तक मेल खाते हैं। रिसर्च के अनुसार, कुत्तों में मैमरी ट्यूमर के मामले सर्वाधिक पाए गए हैं, जबकि सीटीवीटी, हिस्टियोसाइटोमा एवं अन्य ट्यूमर सामान्य रूप से देखे जा रहे हैं।

विशेषज्ञों ने कुत्तों को सेंटिनल एनिमल बताया है, जो अपने आसपास के पर्यावरण में मौजूद संभावित खतरों के प्रति प्रारंभिक संकेत प्रदान करते हैं। इसके विपरीत, पक्षियों में कैंसर के मामले अत्यंत कम पाए जाते हैं। आईवीआरआई के डॉ. पवन कुमार के अनुसार, विकृति विज्ञान विभाग में प्रति माह बायोप्सी के लगभग 10 से 15 मामले तथा एफएनएसी के 40 से 50 नमूने परीक्षण के लिए प्राप्त होते हैं। 90 फीसदी कैंसर के पाए जा रहे हैं, जो कि कुत्तों में बढ़ती दिक्कतों का बड़ा संकेत माना जा सकता है। विशेषज्ञों ने विशेषज्ञों ने पालकों से अपील किया है कि वे पशुओं की नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं तथा प्रारंभिक लक्षणों की अनदेखी न करें, ताकि समय रहते इस खतरनाक बीमारी की पहचान और इलाज संभव हो सके।

### कुत्तों पर शोध को बरेली में बन रहा पहला सेंटर

बरेली। आईवीआरआई बरेली देश में कुत्तों पर शोध करने वाला पहला सेंटर बनने जा रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की स्वीकृति के बाद यहां 16 करोड़ रुपये की लागत से एडवांस रिसर्च सेंटर फॉर कैनाइन' खुलने जा रहा है। इसका निर्माण होने के बाद वर्चुअल डॉग और वर्चुअल एनॉटोमी की स्थापना भी प्रस्तावित है, जिसमें बरेली आईवीआरआई मुख्य केंद्र और करनाल समेत तीन सब सेंटर बनेंगे। जंगली और पालतू पशुओं पर शोध के लिए देश में कई सेंटर काम कर रहे हैं मगर कुत्तों पर शोध को बरेली में सेंटर पहला होगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि देश में जगह-जगह कुत्तों के काटने के मामले सामने आते रहते हैं। कुत्तों से जुड़ी बीमारियों को देखते हुए भी शोध केंद्र की थी। निर्माणाधीन कैनाइन संेटरम कुत्तों के व्यवहार और रोगों शोध होगा। कुत्तों में कैंसर जैसी बीमारियों पर भी व्यापक शोध शुरू हो सकेंगे। निर्माण सम्बंधी काम पूरे होते ही सेंटर के लिए उपकरण मंगाए जाने की तैयारी है।

# दिल के रोगी कस्बों में पाएंगे सरकारी इलाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शीघ्र स्क्रीनिंग और इलाज के लिए बन रही है स्टेमी टीम
- सांस के रोग, सीने में दर्द, जकड़न के मरीजों का होगा इलाज

**अमृत विचार :** जिले में हृदय रोगियों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ी पहल की गई है। जिला अस्पताल के साथ-साथ अब पांच फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) पर भी स्टेमी विंग तैयार कर दी गई हैं। इन विंग के शुरू होने से सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ और हृदय संबंधी लक्षणों वाले मरीजों की तुरंत जांच और इलाज संभव हो सकेगा। इससे कई मरीजों की जान बचाई जा सकेगी।

प्रदेश सरकार ने हृदय रोग के बढ़ते मामलों को देखते हुए ''हृदय सेतु योजना'' के तहत यह पहल की है। इसका मुख्य उद्देश्य हार्ट अटैक जैसे गंभीर मामलों में गोल्डन ऑवर के भीतर मरीज को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। जिला अस्पताल में स्टेमी विंग इमरजेंसी के पास बनाई गई है। इसके अलावा फरीदपुर, मीरगंज, नवाबगंज, बहेड़ी और भमोरा की एफआरयू पर भी यह सुविधा शुरू हो गई है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जल्द ही अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर भी स्टेमी विंग स्थापित की जाएंगी। इस व्यवस्था से देहात में रहने वाले लोगों को जल्दी इलाज मिलने लगेगा।

### अलीगढ़ भेजी जाएगी रिपोर्ट

स्टेमी विंग में आने वाले मरीजों की जांच रिपोर्ट व्हाट्सएप के माध्यम से अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज भेजी जाएगी, जहां विशेषज्ञ चिकित्सक रिपोर्ट का विश्लेषण कर उपचार के निर्देश देंगे। डॉक्टरों का कहना है कि सही समय पर इलाज मिलने से मरीज की जान बचाई जा सकती है।

> स्टेमी विंग में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे हार्ट अटैक के लक्षण पहचानकर तुरंत आवश्यक कदम उठा सकेंगे।
>
> - डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ

# आंवला सांसद ने उठाया सड़कों की बदहाली का मुद्दा


**बरेली, अमृत विचार :** आंवला सांसद नीरज मौर्य ने संसद में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत बनी सड़कों की बदहाली का मुद्दा उठाते हुए भ्रष्टाचार और तकनीकी लापरवाही पर गंभीर चिंता जताई।

सांसद ने कहा कि 2023-24 में निर्मित पटपरागंज से गिधेड़े, मझगांवा-आंवला और अलीगंज-सिरौली मार्ग सहित कई महत्वपूर्ण सड़कें अपनी गारंटी अवधि में ही 70 प्रतिशत तक टूट चुकी हैं। ठेकेदारों ने मानकों का खुला उल्लंघन किया है। सड़कों के निर्माण में जी-1 और जी-2 ग्रेड की गिट्टी की परतें नहीं बिछाई गईं। सड़क की मोटाई भी तय मानकों से कम रखी गई, जिसके परिणामस्वरूप पहली बारिश में ही करोड़ों की लागत से बनी सड़कें ढह गईं। सांसद मौर्य ने बरेली और बदायूं के ठेकेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पीएमजीएसवाई के नियमों के अनुसार 5 वर्ष तक मरम्मत की जिम्मेदारी ठेकेदारों की होती है। सड़कों की गुणवत्ता की जांच पर ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने और आर्थिक दंड लगाने की मांग की है।

# इंजीनियर भी मांगने पहुंचे सुपरवाइजर की नौकरियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कॉलेज के हॉकी मैदान में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय ने लगाया रोजगार मेला



बरेली कालेज में रोजगार मेले में रजिस्ट्रेशन फार्म भरते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत सेवायोजन कार्यालय ने शुक्रवार को बरेली कॉलेज के हॉकी मैदान पर वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया। मेले में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं की रोजगार पाने की बैचेनी साफ देखने को मिली। रोजगार पाने के लिए केवल 12वीं पास ही नहीं, बल्कि बीटेक, एमबीए और एमटेकयुवा भी साधारण नौकरियों के लिए कतार में खड़े नजर आए। नौकरी के लिए 32 सौ युवाओं ने अपना पंजीकरण कराया था, जिसमें से 1477 के सितारे चमके।

बरेली कॉलेज हॉकी मैदान पर आयोजित रोजगार मेले में 77 कंपनियां बुलायी गईं लेकिन इसमें 55 कंपनियों ने अपने स्टॉल लगा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों ने मार्केटिंग, सेल्स, टेक्निकल और सर्विस सेक्टर से जुड़े पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया संचालित की। मेले में कुल 3245 युवाओं ने किस्मत आजमाई। इसमें से कुल 1477 युवाओं का चयन विभिन्न कंपनियों में हुआ। बारिश के बावजूद अभ्यर्थी डटे रहे और चयन प्रक्रिया जारी रही। इस अवसर पर सेवायोजन के सहायक निदेशक गौतम घोष, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना,अनप दुबे, बरेली कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो स्वदेश सिंह, चीफ प्राक्टर प्रो आलोक खरे, डॉ जसपाल सिंह, डॉ राजीव यादव आदि मौजूद रहे।

रोजगार मेले में मंच का संचालन बरेली कॉलेज की सहायक प्रो. अजिता सिंह तिवारी ने किया। मेले में विधान परिषद सदस्य महाराज सिंह और वन पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार मंच पर उपस्थित थे। संचालिका विधान परिषद सदस्य महाराज सिंह का स्वागत करने के लिए परिचय कराती हुई बोली कि हम मंच पर सांसद संतोष... अरुण कुमार, विधान परिषद के सदस्य। इसके बाद विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह ने संचालिका को अपने पास बुलाकर परिचय दिया। उसके बाद फिर संचालिका ने सही परिचय देते हुए स्वागत किया।

### युवाओं- संस्थानों का मंच हैं रोजगार मेले

मेले में पहुंचे पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। ये रोजगार मेले युवाओं और कंपनियों के बीच बेहतर मंच प्रदान करते हैं। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि सरकार युवाओं को अपना रोजगार करने के लिए बिना ब्याज के लोन दे रही है और रोजगार के लिए रोजगार मेले भी लगवा रही हैं। युवाओं को रोजगार लेने वाले की जगह रोजगार देने वाला बनना चाहिए। विधान परिषद सदस्य महाराज सिंह ने भी रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी। चयनित अभ्यर्थियों को मेले में आए अतिथियों ने नियुक्ति पत्र वितरित किए। मेले में बड़ी संख्या में युवतियों की भी भागीदारी रही। आयोजकों के अनुसार, इस तरह के रोजगार मेलों का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार से जोड़ना है।

### कम वेतन की लाइन में ज्यादा पढ़े लिखे

रोजगार मेले में कितने ही उच्च शिक्षित नौजवान अपेक्षाकृत कम योग्यता वाली नौकरियों के लिए आवेदन करते दिखे। बीटेक और एमटेक डिग्रीधारकों का सेल्स, सुपरवाइजर और कस्टमर केयर जैसी नौकरियों के लिए आवेदन करना बेरोजगारी की गंभीर स्थिति को उजागर करता है। युवाओं को अपनी योग्यता के अनुरूप अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे में रोजगार मेलों की उपयोगिता तो बढ़ रही है, लेकिन साथ ही रोजगार के स्तर और गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। रोजगार मेले में उमड़ी भीड़ और उच्च शिक्षित युवाओं की भागीदारी यह साफ संकेत देती है कि रोजगार की चुनौती अब केवल कम पढ़े-लिखे युवाओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह हर वर्ग को प्रभावित कर रही है।

# टैक्स जमा किया मगर बकाए से नहीं छूटा पीछा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- पोर्टल की विसंगतियां ठीक होने के इंतजार में 50 हजार कमर्शियल वाहन स्वामी काट रहे चक्कर
- 31 मार्च में बचे महज चार दिन, आरटीओ ने अपर परिवहन आयुक्त (आईटी) को लिखा पत्र

**अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन में महज चार दिन शेष हैं, लेकिन परिवहन विभाग में राजस्व वसूली की राह में तकनीकी 'अड़ंगा' भारी पड़ रहा है। लगभग पचास हजार कमर्शियल वाहन स्वामी टैक्स जमा करने के लिए आरटीओ कार्यालय और जनसुविधा केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं, पर विभागीय पोर्टल की खामियों ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

परिवहन विभाग की ओर से कमर्शियल वाहनों के लिए लागू की गई 'वन टाइम टैक्स' योजना, जिसे राजस्व में तेजी लाने के लिए मील का पत्थर माना जा रहा था। उसके लिए शासन स्तर से 31 मार्च तक शत-प्रतिशत वसूली के सख्त निर्देश हैं जिसके दबाव में अधिकारी दिन-रात एक किए हुए हैं। इसके बावजूद, सर्वर की सुस्त रफ्तार और डेटा मिसमैच की समस्याओं के कारण करोड़ों रुपये का राजस्व अधर में लटका हुआ है।

वाहन स्वामियों में इस बात को लेकर भारी रोष है कि समय सीमा नजदीक आने पर भी सिस्टम को दुरुस्त नहीं किया जा सका है। बताया जाता है कि पोर्टल की सात प्रमुख तकनीकी खामियों ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कई वाहन स्वामियों की शिकायत है कि पूर्व में टैक्स जमा होने के बावजूद पोर्टल पर पुराना बकाया और भारी पेनाल्टी दिखाई दे रही है।

मुड़िया अहमदनगर के सचिन का कहना है कि उनकी क्रेन और जेसीबी पर लाखों का बकाया दिखाया जा रहा है, जबकि किस्त की व्यवस्था न होने के कारण एकमुश्त भुगतान करना उनके लिए असंभव हो रहा है। अन्य वाहन स्वामियों का कहना है कि निर्माण कार्य में लगे 7500 किलो से कम वजन वाले वाहनों पर छह फीसदी टैक्स के प्रावधान को लेकर भी पोर्टल पर स्पष्टता की कमी है। इस स्थिति को देखते हुए आरटीओ प्रशासन ने अपर परिवहन आयुक्त (आईटी) को पत्र भेज हस्तक्षेप की मांग की है। आरटीओ पंकज सिंह का कहना है कि पोर्टल से जुड़ी सभी विसंगतियों को बिंदुवार सूचीबद्ध कर मुख्यालय भेजा गया है, ताकि 31 मार्च की समय सीमा से पहले वाहन स्वामियों को राहत मिल सके।

इधर, माना जा रहा है कि यदि अगले 48 घंटों में पोर्टल में सुधार नहीं हुआ, तो न केवल हजारों वाहन स्वामियों पर पेनाल्टी का भारी बोझ पड़ेगा, बल्कि परिवहन विभाग के लिए भी अपने वार्षिक राजस्व लक्ष्य को हासिल करना बड़ी चुनौती बन जाएगा।

# शासन की टीम ने तीन सौ बेड अस्पताल का जायजा लिया

**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड हॉस्पिटल को पीपीपी मोड में चलाने की कवायद के तहत शासन की टीम ने चार घंटे तक निरीक्षण किया। अपनी रिपोर्ट तैयार कर लौट गई।

शुक्रवार को टीम ने करीब चार घंटे रुककर अस्पताल परिसर, आईसीयू, प्रशासनिक भवन, बिल्डिंग और अन्य सुविधाएं के साथ सीटी स्कैन मशीन, पैथोलॉजी के साथ पूरा कैंपस देखा। इसके बाद रिपोर्ट तैयार की और शाम को लखनऊ लौट गए। उनकी रिपोर्ट के हिसाब से शासन देखेगा कि अस्पताल को पीपीपी मोड में कैसे चलाया जाए, जिससे मरीजों को लाभ हो और सस्ता इलाज मिल सके। साथ ही एजेंसी को भी नुकसान न हो। पावर कट से होने वाली परेशानी से बचने के लिए सैलर पैनल लगाए गए हैं।

# एसआईआर में 5.4 लाख वोटर जुड़े 32 हजार अब भी रिकॉर्ड में पेंडिंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली


- निर्वाचन कार्यालय की टीम मतदाता सूची के फाइनल प्रकाशन की तैयारी में जुटी

**अमृत विचार :** विधानसभा की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के दूसरे चरण में नो मैपिंग और लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी मतदाताओं को भेजे नोटिसों पर शुक्रवार को सुनवाई पूरी हो गयी। जनपद में 579099 वोटरों को नोटिस जारी हुए थे। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली रिपोर्ट में बताया गया है कि 543678 वोटरों की सुनवाई कर नाम फाइनल पब्लिकेशन में जोड़े गए हैं। 32206 वोटर लंबित हैं, इनकी रिपोर्ट शनिवार तक अपडेट होगी।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार नो मैपिंग और लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी में बहेड़ी विधानसभा में 59108, मीरगंज में 55756, भोजीपुरा में 65738, नवाबगंज में 56398, फरीदपुर में 58840, बिथरी चैनपुर में 80365, बरेली शहर में 86002, बरेली कैंट में 61842 और आंवला में 55049 मतदाता हैं। नोटिसों पर सुनवाई के लिए 27 मार्च की तारीख निर्धारित की गयी थी। शुक्रवार की शाम तक आई रिपोर्ट के अनुसार 13104 वोटर अपात्र मिले। 543678 वोटरों के नाम फाइनल पब्लिकेशन में जोड़े गए हैं। 32206 वोटर लंबित हैं, इनकी रिपोर्ट देर शाम तक अपडेट होगी। साथ ही 23 वोटर सत्यापित नहीं हुए हैं। जिले में 2691067 ड्राफ्ट रोल वोटर हैं। अधिकारी ने बताया कि नोटिस सुनवाई की फाइनल रिपोर्ट शनिवार को ही मिल सकेगी।

वहीं, 10 अप्रैल को एसआईआर के दूसरे चरण का फाइनल प्रकाशन होना है। भेजे गए नोटिसों पर सुनवाई पूरी होने के बाद जिला निर्वाचन कार्यालय की टीम मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन कराने की तैयारी में जुट गए हैं। लंबी भागदौड़ के बाद प्रक्रिया पूरी होने वाली है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरूष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए

परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरूष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

## न्यूज ब्रीफ

### पार्षद राजेश अग्रवाल ने 'धुरंधर 2' के निर्माताओं को भेजा नोटिस

बरेली, अमृत विचार : पार्षद राजेश अग्रवाल ने फिल्म धुरंधर 2 के निर्माता आदित्य धर, लोकेश धर और ज्योति देशपांडे को कानूनी नोटिस भेजकर फिल्म में बरेली की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। कहा कि फिल्म में बरेली को ''पॉकेटमारों के शहर'' के रूप में दिखाना पांचाल नगरी, आला हजरत की नगरी और नाथ नगरी की गरिमा का अपमान है। उन्होंने चेतावनी दी है कि फिल्म से बरेली का नाम और विवादित दृश्य तुरंत नहीं हटाए गए तो वे निर्माताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा सख्त कानूनी कार्रवाई करेंगे।

### बंदरों के हमले में छत से गिरे अधेड़ की मौत

बरेली, अमृत विचार : शाहजहांपुर के कटरा निवासी राजकुमार देवल (56) गुरुवार दोपहर अपने घर की छत पर काम कर रहे थे, तभी बंदरों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया था। संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां से नाजुक हालत में उन्हें बरेली रेफर किया गया। शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

### किशोर लापता तलाश जारी

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर थाना क्षेत्र में बदायूं रोड निवासी गीता सिन्हा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र ज्ञानदीप सिन्हा 24 मार्च की रात करीब 2 बजे घर से कहीं चला गया। वह काली पैंट और काली कमीज पहने हुए है। परिजनों ने जब उसके पास मौजूद मोबाइल फोन को ट्रैक किया, तो उसकी लोकेशन गाजियाबाद के लोनी रोड स्थित शिव विहार में मिली। परेशान मां ने तत्काल इसकी सूचना सुभाषनगर पुलिस को दी और स्वयं लोकेशन वाली जगह के लिए रवाना हो गईं। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है और किशोर की सकुशल बरामदगी के लिए गाजियाबाद पुलिस से संपर्क साधकर तलाश तेज कर दी है।

# जिला महिला अस्पताल से नवजात बच्ची गायब, बेसुध पड़ी मिली मां

## परिवार ने चोरी का लगाया आरोप, रात तक नहीं लगा पता, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** जिला महिला अस्पताल से फिर रहस्यमय हालत में एक नवजात बच्ची के गायब होने से हड़कंप मच गया है। बच्ची की मां मलेरिया वार्ड के पास बेसुध पड़ी मिली। परिवारवालों ने बच्ची चोरी का आरोप लगाते हुए अस्पताल की सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। पुलिस घटना की तह में जाने के लिए सीसीटीवी खंगालती नजर आ रही है।



जिला महिला अस्पताल। ● अमृत विचार

अस्पताल से गायब हुए बच्ची के पिता मकसूद खां जरी का काम करते हैं। 21 दिन पहले पत्नी शबाना ने बच्ची को जन्म दिया था। आज सुबह शबाना बच्ची को अस्पताल में दिखाने आई थी। हड़कंप उस समय मचा, जब शबाना साढ़े 4 बजे के करीब मलेरिया वार्ड के पास बेहोशी की अवस्था में मिली। होश में आने पर जब उसने बच्चे को गोद में नहीं देखा तो शोर मचाया। सूचना मिलते ही परिवार के कई लोग वहां पहुंच गए और बच्चा चोरी की बात कहते हंगामा शुरू कर दिया।

पता होते ही हैल्थ विभाग के अधिकारी पहुंच गए। काफी खोजबीन के बाद भी बच्ची का रात तक पता नहीं लग सका। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि सुरक्षा नहीं होने के चलते बच्ची गायब हुई है। देर रात इंस्पेक्टर कोतवाली सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि अस्पताल से बच्ची के गायब होने की सूचना मिली हे। पुलिस सीसीटीवी के जरिए छानबीन में जुटी है। परिवारवालों की ओर से लिखित में शिकायत नहीं की गई है। मामले की जांच जारी है।

### पहले भी हो चुकी हैं बच्चे गायब होने की घटनाएं

बरेली के अस्पतालों से बच्चे गायब होने की घटनाएं पहले भी होती रही हैं। कुछ ही दिन पहले बरेली देहात से एक महिला बच्चे को लेकर गायब हो गई थी। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर बच्चे को बरामद किया गया था। शहर के एक निजी अस्पताल से भी बच्चा चोरी के मामले में वहां का कर्मचारी गिरफ्तार हुआ था, जिसने 40 हजार में दुधमुंहे का रिश्तेदार को सौदा कर दिया था। अब जिला महिला अस्पताल से बच्ची चोरी होने की घटना ने पुलिस को टेंशन में डाल दिया है।

# कोर्ट मैरिज के 15 दिन बाद युवती ने मौत को गले लगाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● सुसाइड नोट में लिखा- अपनी मर्जी से जान दे रही, मेरी मौत का कोई जिम्मेदार नहीं

**अमृत विचारः** इज्जतनगर क्षेत्र में प्रेम विवाह के महज 15 दिन बाद ही संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने मौके से सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें युवती ने अपनी मौत के लिए किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराया।

सीबीगंज क्षेत्र की युवती माता-पिता और मामा-मामी की मौत के बाद अपने भाई के साथ इज्जतनगर थाना क्षेत्र में रही थी और एक निजी अस्पताल में जीएनएम थी। उसी अस्पताल में कर्मचारी बदायूं के युवक से प्रेम प्रसंग हो गया और करीब 15 दिन पहले कोर्ट मैरिज कर ली। मृतका के भाई के मुताबिक, शादी के कुछ दिन बाद बहन वापस घर आ गई थी। इस बीच, पांच दिन पहले पति के जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या के प्रयास की खबर ने तनाव बढ़ा दिया। दो दिन पहले ही पति उससे मिलने आया, लेकिन वह उसके साथ वापस नहीं गई। गुरुवार की रात जब भाई सो रहा था, तभी युवती ने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। फिलहाल, पुलिस सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग की जांच कर रही है और अस्पताल के कर्मचारियों सहित पति से भी पूछताछ की तैयारी में है।

### भाई का इकलौता सहारा थी बहन

युवती की जिंदगी दुखों और संघर्षों से भरी रही। बचपन में ही माता-पिता का साया सिर से उठ जाने के बाद भाई-बहन को उनके मामा ने सहारा दिया, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। कुछ समय बाद मामा और मामी की भी मृत्यु हो गई, जिसके बाद भाई-बहन ही एक-दूसरे का सहारा थे। भाई ने मेहनत कर बहन को जीएनएम का कोर्स कराया ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके। अस्पताल में नौकरी लगने के बाद घर में खुशहाली की उम्मीद जगी थी, लेकिन प्यार और शादी के पेचीदा मोड़ ने हंसती-खेलती जिंदगी को खामोश कर दिया।

# रिटायर्ड अकाउंटेंट के बंद घर से 20 लाख के जेवर समेटे

संवाददाता, सीबीगंज

● सीबीगंज थाने के ठीक पीछे आईटीआर कॉलोनी में मकान को बनाया निशाना

**अमृत विचारः** सीबीगंज थाने के ठीक पीछे आईटीआर कॉलोनी में चोरों ने वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार के रिश्तेदार और आईटीआर फैक्ट्री के रिटायर्ड अकाउंटेंट सुनील किशोर सक्सेना के बंद मकान का ताला तोड़कर 20 लाख रुपये से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण और कीमती सामान चोरी कर लिया।

हैरानी की बात यह है कि जिस स्थान पर यह चोरी हुई, वह थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर है। चोरों ने इत्मीनान से ताले चटकाए और चार सोने की चेन, भारी सेट, आठ जोड़ी टॉप्स, मटर माला, अंगूठियां और चांदी की पाजेब आदि जेवर बटोर ले गए। सुनील कुमार ने बताया कि वह 15 दिनों से लखनऊ में थे। घटना की सूचना के करीब दो घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक वहां भारी भीड़ जमा हो चुकी थी। भीड़ के कारण फोरेंसिक और फिंगरप्रिंट टीम को साक्ष्य जुटाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इंस्पेक्टर सीबीगंज प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि अज्ञात में मामला दर्ज कर चोरों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

### पति को गोली मारने की धमकी देने वाले पर रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : के संजय नगर निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर दुर्गा नगर निवासी गोपाल कश्यप पर आरोप लगाया कि वह उसे फोन- मैसेज कर परेशान करता है। बात न करने पर उसके पति को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी से खलबली मच गई। पुलिस और गुप्तचर एजेंसियों ने प्रियदर्शिनी नगर स्थित पासपोर्ट कार्यालय में सर्च ऑपरेशन चलाया। पीलीभीत बाईपास स्थित नए पासपोर्ट कार्यालय में भी जांच कराई गई, हालांकि कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी का मेल मिलने के सम्बंध में पुलिस सूचना दी। सीओ आशुतोष शिवम पुलिस डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ते के साथ पासपोर्ट कार्यालय पहुंचे। पुलिस ने पासपोर्ट कार्यालय के कर्मचारियों के साथ आवेदक और आसपास सब्जी बेचने वालों को भी वहां से हटा दिया। सुरक्षा दस्तों ने नए पासपोर्ट कार्यालय की सघन तलाशी कराई। साइबर टीम अब उस ईमेल के सोर्स का पता लगाने में जुटी है, जहां से इसे भेजा गया है। शुरूआती जांच में ईमेल दक्षिण भारत से भेजे जाने के संकेत मिले हैं। साइबर सेल ईमेल के आईपी एड्रेस और भेजने वाले का सुराग लगाने में जुटी है। इंस्पेक्टर प्रेमनगर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि धमकी को देखते हुए पासपोर्ट कार्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



पासपोर्ट कार्यालय के बाहर खडी प्रेमनगर पुलिस। ● अमृत विचार

**ठप रहा कामकाज, दहशत में रहा दफ्तर :** हाईवोल्टेज ड्रामे के कारण करीब दो से तीन घंटे तक कामकाज ठप रहा। आवेदक अपने जरूरी दस्तावेज और कीमती सामान छोड़कर बदहवास होकर बाहर की ओर दौड़े। करीब दो घंटे तक जब तक पुलिस ने परिसर को सुरक्षित घोषित नहीं किया, तब तक हर चेहरे पर मौत का साया और गहरी चिंता साफ दिखाई दे रही थी। अफसरों का कहना है कि धमकी भरे ईमेल ने न केवल सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी, बल्कि सरकारी कार्य में भी भारी व्यवधान डाला। दोपहर बाद जब बम निरोधक दस्ते ने परिसर को सुरक्षित घोषित किया और तब सबकी जान में जान आई।

### न्यू पासपोर्ट ऑफिस की भी हुई तलाशी

**बरेली, अमृत विचार :** प्रियदर्शनी नगर के साथ-साथ पीलीभीत बाईपास स्थित न्यू पासपोर्ट कार्यालय में भी शुक्रवार को भारी अफरा-तफरी का माहौल रहा। बम की सूचना मिलते ही बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय, एलआईयू और बम निरोधक दस्ते की टीम ने पूरे परिसर की घेराबंदी कर दी। सुरक्षा के मद्देनजर टीम ने बिल्डिंग के कोने-कोने को बारीकी से खंगाला गया मगर मिला कुछ नहीं।

> क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा कड़ी कर दी है। धमकी भरा मेल आने के बाद पीलीभीत रोड स्थित न्यू पासपोर्ट कार्यालय में भी सर्च ऑपरेशन चलाया। हालांकि कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। साइबर सेल आईपी एड्रेस की जांच कर रही है, जो रिपोर्ट आएगी, उसके मुताबिक कार्रवाई करेंगे। - **आशुतोष शिवम**, सीओ प्रथम

# जांच पर निगाहें, कमेटी के पिटारे से निकलेगा क्या

● अपर आयुक्त की अध्यक्षता में कमेटी को आज देनी है रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** सैटेलाइट बस स्टैंड पर हुए हादसे के लिए जिम्मेदार कौन, यह जानने के लिए हर कोई नगर निगम की ओर देख रहा है। हरदोई के ट्रक ड्राइवर की मौत के मामले में किस पर गाज गिरे, इस सवाल का जवाब जांच रिपोर्ट से ही मिल सकता है। अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय की अध्यक्षता में बनी कमेटी आज अपनी रिपोर्ट नगरायुक्त को सौंप सकती है।

तौहीद की मौत ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए। इसलिए सबकी निगाहें इस जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं कि क्या वास्तव में दोषियों पर गाज गिरेगी या मामला फाइलों में दबकर रह जाएगा। तौहीद की मौत महज एक दुर्घटना नहीं, बल्कि घोर लापरवाही का नतीजा मानी जा रही है। मई 2025 में नाले की सफाई के दौरान स्लैब टूट गया था, जिसे साल बीतने के बाद भी ठीक नहीं किया गया। रोडवेज अफसरों की ओर से नगर निगम को बार-बार पत्र लिखे जाने के बावजूद किसी ने सुध नहीं ली। जांच कमेटी के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि हजारों यात्रियों की आवाजाही वाले सैटेलाइट बस स्टैंड जैसे व्यस्त इलाके में नाला बिना स्लैब के क्यों छोड़ा गया?



तौहीद की मौत के बाद भी सुरक्षा ताक पर। ● अमृत विचार

> सैटेलाइट नाला हादसा बेहद दुखद है और इसमें प्रथम दृष्टया लापरवाही उजागर हुई है। अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में गठित जांच कमेटी की रिपोर्ट आज प्राप्त हो जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर उन सभी अको चिह्नित किया जाएगा, जिनकी शिथिलता के कारण हादसा हुआ। दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। - **संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

### तौहीद की मौत भी नहीं तोड़ सकी सिस्टम की नींद

तौहीद की जान चली गई, 30 घंटे तक रेस्क्यू चला लेकिन सिस्टम की नींद नहीं टूटी है, बल्कि वह अब खतरनाक लापरवाही का नया अध्याय लिख रहा है। आज की यह तस्वीर गवाह है कि सैटेलाइट पर नाले के स्लैब और सरिए काटने का काम किस कदर बेखौफ अंदाज में जारी है। बिना किसी पुख्ता बैरिकेडिंग या सुरक्षा घेरे के खुले नाले के ऊपर खड़े होकर जाल काटे जा रहे हैं। ऐसे में अगर किसी मजदूर का पैर फिसला या कोई राहगीर इस अफरा-तफरी में नीचे गिरा, तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? लोहे के ये नुकीले सरिए और नाले में बहता पानी किसी भी पल नई मौत को दावत दे सकते हैं। कुल मिलाकर यह काम नहीं, बल्कि सरेआम लोगों की जान से खिलवाड़ है।

# बीपीसीएल डिपो में सुरक्षा होगी कड़ी सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ेगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● डीएम ने बीपीसीएल के अधिकारियों को हर संभव मदद का दिया आश्वासन

● प्रशासनिक अफसरों को ऑयल कंपनियों के डिपो के निरीक्षण के निर्देश

**अमृत विचारः** आंवला स्थित बीपीसीएल डिपो में जबरन एक व्यक्ति के घुसने की घटना से कंपनी अधिकारी टेंशन में हैं। शुक्रवार को कंपनी अफसरों ने डीएम अविनाश सिंह को बैठक के दौरान पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने ऑयल कम्पनी के डिपो में सुरक्षा कड़ी करने के साथ निगरानी को सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश जारी किए हैं।

डीएम ने कहा कि किसी भी प्रकार की घटना के संबंध में तहसील स्थित अधिकारियों से त्वरित संपर्क करें। साथ ही जनपद स्तर पर भी सूचना भेजें। डीएम ने ऑयल कंपनी के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि डिपो पर तहसील स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के मोबाइल नंबर नोटिस बोर्ड पर दर्ज कराएं, जिससे आपात स्थिति में अधिकारियों को सूचना दी जा सके। डीएम ने एडीएम ई पूर्णिमा सिंह, एडीएम एफआर संतोष कुमार सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, डीएसओ मनीष कुमार सिंह को निर्देश दिए कि वह जनपद में स्थापित ऑयल व गैस कंपनियों के डिपो का निरीक्षण करें। संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारी व पुलिस विभाग के क्षेत्राधिकारी को भी निरीक्षण के समय साथ रखें और निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराएं।

### तेल डिपो में जबरन घुसने वालों पर रिपोर्ट

**बरेली / आंवला, अमृत विचार :** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के डिपो में जबरन घुसने के मामले में आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। यह घटनाक्रम 25 मार्च का है। आरोप है कि बीपीसीएल के एक रिटेल आउटलेट डीलर गफ्फार अहमद ताज फिलिंग स्टेशन अमरोहा के पुत्र आसिफ ने डिपो के एसडी अधिकारी को गंभीर परिणाम भुगतने और नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। आरोप है कि अगले दिन वही व्यक्ति 3-4 अन्य युवकों के साथ डिपो परिसर में घुस आया। जब इनको रोकने का प्रयास किया गया तो वे डिपो की दीवार फांदकर फरार हो गए। सीओ नितिन कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बीपीसीएल परिसर की सुरक्षा निरीक्षण किया गया।

# पेड़ की चपेट में आकर किशोर गंभीर घायल

**सीबीगंज, अमृत विचारः** शुक्रवार की शाम करीब चार बजे सीबीगंज की सनौआ स्थित काशीराम कॉलोनी के ए ब्लॉक में कुछ बच्चे खेल रहे थे। अचानक तेज हवा के साथ आई आंधी में कालोनी की दीवार से सटा वन विभाग के जंगल में खड़ा बकैन का पेड़ गिर गया, वहां खेल दक्ष पुत्र गुड्डू पेड़ की चपेट में आने से घायल हो गया, जबकि कुछ अन्य बच्चे आंशिक रूप से घायल हुए। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पेड़ के नीचे कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, बिजली केबल भी टूटकर गिर गई जिससे इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।


# लिव-इन में रह रही महिला को चाकू से किया घायल

**बरेली, अमृत विचारः** थाना बारादरी क्षेत्र में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही महिला को उसके पार्टनर ने चाकू से घायल कर दिया।

महिला ने पुलिस को तहरीर दी कि पहले पति से 12 साल पहले अलगाव हो चुका है और वह अपने तीन बच्चों के साथ दस साल से मोहन प्रकाश शर्मा के साथ रह रही थी। 24 मार्च की रात मोहन प्रकाश शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध किया, तो आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया। गर्दन के पास चाकूलगने से वह लहूलुहान हो गई। उसने डायल 112 नंबर पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से घायल महिला थाने पहुंची। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी पिछले कुछ समय से छोटी-छोटी बातों पर अक्सर मारपीट करता था, लेकिन इस बार उसने जान लेने की कोशिश की। बारादरी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### छात्रा की पिटाई मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र के एक निजी स्कूल में तीन साल की छात्रा की पिटाई का मामला तूल पकड़ गया है। किला निवासी मतीन बेग की नर्सरी में पढ़ने वाली पुत्री को क्लास में रोने पर शिक्षिका ने पीट दिया था। परिजनों ने शिकायत थाना पुलिस से की, लेकिन कोई सुनवाई हुई। शनिवार को एसएसपी के आदेश पर इज्जतनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
(उ.प्र. सरकार, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एनसीआईएम, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
पता : सेक्टर-7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कॉर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।

पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज।
बस्ति चिकित्सा | जलौकावचारण चिकित्सा | जानु बस्ति चिकित्सा | नस्य चिकित्सा | पत्र पिण्ड पोट्‌ली स्वेद चिकित्सा | शिरोधारा चिकित्सा | नेत्र तर्पण चिकित्सा

प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग:- नार्मल डिलीवरी, रसौली, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ, इन्फर्टीलिटी आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :- बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए स्वर्णप्राशन संस्कार, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा सेरेब्रल पेल्सी, मेन्टल रिटार्डेशन, डिले माइलस्टोन आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज।
शालाक्य तंत्र विभाग :- सिरदर्द, माइग्रेन, तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना। नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज।
Reception : 9520876144
Helpline No.: 8077808309
निःशुल्क योग सत्र
(ऑफलाइन /ऑनलाइन) केवल रजिस्ट्रेशन करने पर मो. 9520876144
निःशुल्क भर्ती सुविधा
(निर्धारित समय अवधि के लिए)

## न्यूज ब्रीफ

### बैडमिंटन टूर्नामेंट में उमाकांत, रोहन अविरल ने दिखाया दम

**बरेली, अमृत विचार** : बैडमिंटन टूर्नामेंट में शुक्रवार को विभिन्न वर्गों के मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। सीनियर वर्ग में उमा कांत शर्मा ने राहुल को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसी वर्ग के एक अन्य मुकाबले में रोहन ने प्रदीप को पराजित कर अपनी दावेदारी मजबूत की। 70 प्लस डबल्स वर्ग में आशीष और रोहन की जोड़ी ने कड़े मुकाबले में गौरव और सौरव कोहराया। 19-36 वर्ग के सेमीफाइनल में अविरल विरले ने उत्कर्ष को हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, 40 प्लस वर्ग के डबल्स मुकाबले में डॉ राहुल और क्षितिज की जोड़ी ने रोहन और सिद्धांत को तीन सेटों तक चले संघर्षपूर्ण मैच में हराया। टूर्नामेंट के अंतिम चरण में पहुंचने पर लगातार रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। सभी खिलाड़ियों की निगाहें अपने-अपने अगले दौर के मुकाबलों पर टिकी हैं।

### राम भजन संध्या में गूंजे भक्ति रस

**बरेली, अमृत विचार** : मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में रोटरी भवन में शुक्रवार को श्रीराम भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में महिलाओं की विशेष भागीदारी रही और उन्होंने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। बेबी शर्मा ने ''सजा दो घर को गुलशन सा मेरे राम आए हैं'' भजन से कार्यक्रम का रंग जमाया। अध्यक्ष सुरेंद्र बीनू सिन्हा ने ''नगरी हो अयोध्या सी'', प्रकाश सक्सेना ने ''राम जी की निकली सवारी'' से तालियां बटोरीं। अरुणा सिन्हा, रीता सक्सेना और शकुन सक्सेना ने भी भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किए। सुधीर मोहन, डॉ. असित रंजन, सरला चौधरी, इंद्र देव त्रिवेदी और मंजू गुप्ता सहित कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मुग्ध कर दिया। मंजू लता, शोभा सक्सेना और रश्मि सक्सेना ने भी भजनों से भक्ति का रंग घोला। डॉ. अरुण कुमार, प्रदीप माधवार, प्रो. अजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।


रामनवमी पर टीबरीनाथ के जय भवानी मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


कालीबाड़ी के मां काली मंदिर में माता रानी को भोग लगाते भक्त। ● अमृत विचार


टीबरीनाथ में सजीं मातारानी।

# रामनवमी पर मंदिरों में की पूजा-अर्चना, घर-घर जिमाईं कन्याएं

## श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन के बाद किया व्रतों का पारायण, प्रमुख देवी मंदिरों में लगी रहीं लंबी कतारें

- **माता स्वरूपों कन्याओं को भोज करा कर व्रतियों ने लिया आशीर्वाद**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : रामनवमी पर शहर में श्रद्धा और आस्था का अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। नौ दिनों तक चले चैत्र नवरात्र के समापन पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से हवन-पूजन कर कन्या भोज कराया। कन्याओं को जिमाकर लोगों ने व्रतों का पारायण किया। सुबह से ही घरों, मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों सहित हर जगह पर धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज सुनाई दी।

भक्तों ने कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया। कन्याओं के चरण धोकर उन्हें चुनरी ओढ़ाई और पूड़ी, चना, हलवा आदि का प्रसाद खिलाया गया। कई स्थानों पर भव्य स्तर पर कन्या भोज आयोजित किया गया, जहां दर्जनों कन्याओं को आमंत्रित कर सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया। मंदिरों के बाहर भी श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोज कराया। हवन-पूजन और कन्या भोज के बाद श्रद्धालुओं का रुख मंदिरों की ओर रहा। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों नवदुर्गा मंदिर, भावनी मां मंदिर, कालीबाड़ी मंदिर, चौरासी घंटा मंदिर सहित मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं, जो शाम तक जारी रहीं। वहीं सायंकाल के समय मंदिरों में महिलाओं के द्वारा भजन-कीर्तन, दुर्गा सप्तशती पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से वातावरण भक्तिमय माहौल में बदल गया। कई मंदिरों में विशेष सजावट और आकर्षक फूलों की झांकियां भी बनाई गईं। मंदिरों में भक्त जय माता दी के जयकारों के साथ दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और सफलता की कामना करते नजर आए। प्रशासन और मंदिर समितियों ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए। प्रमुख मंदिरों पर पुलिस बल तैनात रहा और श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित तरीके से दर्शन कराए गए। रामनवमी के इस पर्व ने एक बार फिर सामाजिक समरसता और आस्था की एकता का संदेश दिया। कन्या पूजन और भोज के माध्यम से जहां नारी सम्मान की परंपरा को बल मिला, वहीं सामूहिक आयोजनों ने समाज में सहयोग और सद्भाव की भावना को भी मजबूत किया।


डिफेंस कालोनी में घरों पर कन्या- वरुआ जिमाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### भगवान राम संपूर्ण हिंदू समाज के आराध्य

**बरेली, अमृत विचार** : विश्व हिंदू परिषद के रामोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में शुक्रवार को विवेकानंद नगर प्रखंड, विक्रम नगर प्रखंड एवं केशव नगर प्रखंड में रामोत्सव के कार्यक्रम कराए गए। महानगर अध्यक्ष आशु अग्रवाल ने कहा कि भगवान राम संपूर्ण हिंदू समाज के आराध्य हैं, हम सबको प्रभु राम के चरित्र को धारण करना चाहिए। अपने परिवार में ऐसा वातावरण बनाना चाहिए जो रामराज्य की कल्पना को साकार करने में सहायक बन सके। महानगर मंत्री संजय शुक्ला, विभाग संयोजक नीरज चौरसिया मुख्य वक्ता रहे। अलंकृत सक्सेना, गोविंद पटवा, देवेंद्र सिंह सोम, अंकित कुमार, उत्कर्ष अग्रवाल, विशाल सिंह, कविश अग्रवाल, जितेंद्र सोनू, राज कश्यप, भरत कवलानी आदि उपस्थित रहे।

## आनंद आश्रम में रामनवमी पर संकीर्तन का आयोजन

**बरेली, अमृत विचार** : रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में रामनवमी के पर्व पर भदोही से पधारे पंडित पीयूष मिश्रा ने देवताओं की स्तुति कर कहा कि प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर पूरी अयोध्या नगरी में आनंद की लहर दौड़ गई। आश्रम परिसर में हवन-पूजन के बाद कन्या पूजन और भोज का आयोजन किया गया। पूजन पंडित पवन जोशी और पंडित सचिन शर्मा ने कराया। दीपेश खंडेलवाल, नितिन खंडेलवाल और जितेंद्र शर्मा ने भजनों पर अपनी प्रस्तुति दी। मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है करते हो श्री राम आप मेरा नाम हो रहा है..., तेरा राम जी करेंगे बेड़ा पार उदासी मन काहे को करे.., हरि जी मेरी लागी लगन मत तोड़ना लागी लगन मत तोड़ना.., श्री राम चंद्र कृपालु भजमन हरण भय भव दारुणम.., भय प्रकट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी.., आदि भजनों का गायन पर श्रद्धालु झुमने लगें। आरती कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया। आनंद आश्रम प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, शशि कांत मोदी, राज कुमार गर्ग, मोहन खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अमृत विचार के प्रिंटिंग प्रेस में सुंदरकांड पाठ आयोजित


सुंदरकांड पाठ के दौरान आरती करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- **श्रद्धा और भक्ति के माहौल में कर्मियों ने लिया भाग**

**बरेली, अमृत विचार:** रामनवमी पर शुक्रवार की शाम अमृत विचार प्रिंटिंग प्रेस में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

डोहरा शिव मंदिर के पंडित शिव कुमार ने विधि-विधान से पूजन कराया। सुंदरकांड के पाठ में बड़ी संख्या में कर्मचारियों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हनुमान जी के जयकारों से परिसर गूंज उठा। सुंदरकांड पाठ के बाद आरती हुई। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में शामिल हुए सीओओ पार्थो कुनार ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करते हैं, बल्कि कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल बनाने में भी सहायक होते हैं। संदीप बत्रा, हरिओम गुप्ता, पंकज शर्मा, सतीश द्विवेदी, विनोद पांडे, आशुतोष, राजीव, यशपाल, मंगलसेन, अंकुल, शहनवाज, पवन कुमार, जितेंद्र, वेद प्रकाश, उमेश, मो. सैफ, दुर्वेश, रविन्दर, आकाश, राजेश्वर आदि कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

# राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा


गुलाब नगर से निकली शोभा यात्रा में राम लक्ष्मण की झांकी। ● अमृत विचार


श्री राधा कृष्ण मंदिर में रामनवमी उत्सव मनाते श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल ने मनाया रामनवमी उत्सव**

**अमृत विचार** : श्री रानी महालक्ष्मी बाई रामलीला समिति की ओर से श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का आरंभ महापौर डॉ. उमेश गौतम, अर्बन को-आपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार और समिति के अध्यक्ष राम गोपाल मिश्रा ने किया।

शोभा यात्रा रानी साहब फाटक से घोसियान मस्जिद, गुलाब नगर, बानखाना चौराहा होते हुए चौधरी तालाब पहुंची, जहां राक्षस सुबाहू का पुतला दहन किया गया। इसके बाद होलिका मंदिर में आरती के बाद शोभा यात्रा गंगा मंदिर, अलखनाथ मंदिर, नव दुर्गा मंदिर, छीपी टोला, किला पुलिस चोकी, थाना किला, साहूकारा बाजार, बड़ा बाजार, कोहाडापीर, से रानी साहब फाटक पर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में भगवान गणेश, शंकर जी, मां दुर्गाकी झाकियां और श्री राम का सिंहासन आकर्षण का केंद्र थे। शोभा यात्रा में घनश्याम सिंह, विजय मिश्रा, प्रदीप बाजपेई, शिवनरायन दीक्षित, धीरेन्द्र शुक्ला, आदित्य शुक्ला समेत कई लोग शामिल थे।

वहीं श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल ने भगवान राम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार की देर शाम श्री राधा कृष्ण मंदिर मारवाड़ी गंज में रामनवमी महोत्सव मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत शिवकुमार सिंह ने गणेश वंदना और भये प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी से की। संजीव सक्सेना ने मानवा राम नाम तू भज ले सुनाया। राधा माधव पब्लिक स्कूल के बच्चों अमीषी उपाध्याय, काव्य भारद्वाज, निशा गंगवार, खुशी शर्मा, शारदा सक्सेना, रुचि शर्मा ने प्रीति उपाध्याय के निर्देशन में हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की भजन पर नृत्य किया। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, एसपी सिटी मानुष पारीक, कमांडो पार्षद गरिमा अग्रवाल, पार्षद राजेश अग्रवाल आदि संख्या में लोग उपस्थित हुए।

## साईं-खाटूश्याम मंदिर में रामनवमी उत्सव मनाया

**बरेली, अमृत विचार:** श्यामगंज स्थित श्री शिरडी साईं-खाटूश्याम सर्वदेव मंदिर में रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान मनीष अग्रवाल और अंकुर अग्रवाल ने गणेश पूजन, गायत्री पूजन और दत्तात्रेय पूजन संपन्न किया। बाबा साईं नाथ का विधि-विधान से महाभिषेक कर हवन-पूजन किया गया। महंत पंडित सुशील पाठक ने बताया कि गैस सिलेंडर की दिक्कत के कारण प्रसाद पूरी तरह पारंपरिक तरीके से लकड़ी और कंडों के चूल्हे पर तैयार किया गया। वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, अनिल कुमार सक्सेना, पार्षद राजेश अग्रवाल, संजय आयलानी, गौरव अरोरा, रामबहादुर, इन्द्रेश बिसाल अग्रवाल, सुरेंद्र मिश्रा, ममता नरियाबल, सौरभ अग्रवाल, त्रिलोक दयाल, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना छंगामल मौर्य ने प्रसाद ग्रहण किया।


श्री शिरडी साईं-खाटूश्याम मंदिर में वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार व अन्य।

## 500 बेटियों का पूजन कर भेंट किए गए उपहार


कन्याओं पर पुष्पवर्षा करते मेयर व उनके पुत्र। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** रामनवमी पर महापौर डॉ. उमेश गौतम और उनके पुत्र पार्थ गौतम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आई 500 से अधिक कन्याओं का विधि-विधान से वंदन किया। इसके बाद उपहार देकर सम्मानित किया।

महापौर ने प्रत्येक कन्या को तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया, जबकि पार्थ गौतम ने कन्याओं को हलवा-पूरी और चने का प्रसाद परोसा। इसमें फाउंडेशन की ओर से संचालित 'हर घर दिवाली' और 'हर घर होली जैसे अभियानों से जुड़ीं जरूरतमंद परिवारों की बेटियां भी शामिल हुईं। पूजन के बाद सभी कन्याओं को उपहार और दक्षिणा भेंट की गई। एपहार पाकर कन्याएं काफी खुश हो गईं। डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि कन्याएं साक्षात शक्ति का रूप हैं और उनका सम्मान करना सौभाग्य है।

## कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल रामनवमी समारोह में सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार।** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल को सनातन धर्म चिकित्सकों की ओर से आयोजित रामनवमी समारोह में सम्मानित किया गया। चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. केशव अग्रवाल को यूपी आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में चिकित्सा जगत की तमाम दिग्गज हस्तियों ने शिरकत की। समारोह में वक्ताओं ने डॉ. केशव अग्रवाल के नेतृत्व में विश्व विद्यालय की उपलब्धियों और समाज के प्रति के उनके समर्पण की सराहना की। रामनवमी के पावन पर्व अवसर हुए इस मेल-मिलाप कार्यक्रम में चिकित्सकों ने एक-दूसरे को त्यौहार की बधाई दी और सबने मिलकर सामाजिक एकजुटता का संकल्प लिया।


बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल को सम्मानित करते यूपी के पूर्व आईएमए अध्यक्ष शरद अग्रवाल। ● अमृत विचार

## राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली गली...

**बरेली, अमृत विचार:** बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर सेवा समिति ने कमलकुंड यज्ञशाला में देशहित एवं मानव कल्याण के लिए आहुतियां दीं।

श्रद्धालुओं ने .भये प्रकट कृपाला दीन दयाला, जन्म जन्म की खोज बताये राम से चलकर राम पे आये, सजा दो घर को गुलशन सा मेरे घर राम आये हैं, राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली गली, ..खुश होंगे हनुमान श्री राम राम किये जा, ..राम नाम आधार जिन्हें वो जल में राह बनाते हैं जैसे आदि भजनों में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का गुणगान किया। मंदिर सेवा समिति के मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल ने कहा कि श्री राम हमारे आराध्य होने के साथ जीवन के वास्तविक मूल्यों को जीने का एक सशक्त माध्यम है। प्रताप चंद्र सेठ, सुभाष मेहरा, हरिओम अग्रवाल, ब्रजेश मिश्रा, कृष्णा अग्रवाल, नवीन का सहयोग रहा।

सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें

बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध
गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
हर मंगलवार
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

न्यूज ब्रीफ

## साढ़े छह हजार लाभार्थियों के खाते में आएगी पहली किस्त

**बरेली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत जनपद के साढ़े छह हजार और लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त जल्द आएगी। पहले करीब नौ हजार लोगों के खाते में एक-एक लाख रुपये की पहली किस्त भेजी जा चुकी है। नगर निगम क्षेत्र में सर्वाधिक साढ़े पांच हजार तो शेरगढ़ व बिशारतगंज नगर पंचायतों में सबसे कम 14-14 लाभार्थियों को धनराशि दी गई है। नगर निगम में 5,633, नगर पालिका परिषद फरीदपुर में 848, बहेड़ी में 237, आंवला में 282, नवाबगंज में 489, नगर पंचायत बिशारतगंज में 14, देवरनिया में 24, धौराटांडा में 198, फतेहगंज पश्चिमी में 249, फतेहगंज पूर्वी में 171, मीरगंज में 97, रिछा में 187, रिठौरा में 31, सेंथल में 28, शाही में 230, शेरगढ़ में 20, शीशगढ़ में 14, सिरौली में 146, ढिरिया निजावत खां में 95 लाभार्थियों के खाते में प्रथम किस्त भेजी गई है।

## आयुष्मान कार्ड की धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति व संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक हुई। जिसमें डीएम ने आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए पीछे चल रहे ब्लॉक व तहसीलों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। आभा आईडी जनरेशन में शहरी क्षेत्रों की कमजोर स्थिति पर संबंधित अधिकारियों के साथ अलग बैठक करने के निर्देश दिए। संचारी रोग नियंत्रण अभियान में मलेरिया सहित अन्य बीमारियों की रोकथाम के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में फॉगिंग कराने और जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने अभियान में लापरवाही बरतने वाली आशा कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई के निर्देश दिए। दस्तक अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। अनुपस्थित रहने वाले सीएचओ के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। अंत में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वस्थ हुए बच्चों को सम्मानित किया गया। बैठक में सीएमओ डॉ विश्राम सिंह, जिला पंचायत अधिकारी कमल किशोर समेत सीएचसी और पीएचसी के डॉक्टर भी मौजूद रहे।

# मकानों की गणना के लिए तकनीकी सहायता को मिली धनराशि

- बरेली के साथ बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर को भी धनराशि जारी की गयी

**बरेली, अमृत विचार:** जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं गणना कराने के लिए शासन ने तकनीकी सहायता को धनराशि जारी कर दी है। मंडल के सभी जिलों के लिए 25.72 लाख रुपये दिए गए हैं।

बरेली मंडल के सभी डीएम के नाम से धनराशि जारी की गयी। इसमें बरेली के लिए 1900450 रुपये स्वीकृत कर 818000 रुपये, बदायूं के लिए 1589000 रुपये स्वीकृत कर 718000 रुपये, शाहजहांपुर के लिए 1331150 रुपये स्वीकृत कर 593000 रुपये और पीलीभीत के लिए 977900 रुपये स्वीकृत कर 443000 रुपये जारी किए गए हैं। एक मई से मकानों की गणना का कार्य कराने के लिए 162 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं, यही मास्टर ट्रेनर गणना कार्मिकों को ट्रेनिंग देंगे। करीब 12 हजार कार्मिक जनगणना करेंगे। दो-दो सौ मकानों का ब्लॉक बनाकर गणना की जाएगी। डेटा एकत्र होने के बाद जनगणना में भी आसानी होगी। मास्टर ट्रेनरों की ट्रेनिंग सीबीगंज क्षेत्र में जीटीआई में करायी गयी है। जिला जनगणना अधिकारी एवं एडीएम फाइनेंस संतोष कुमार सिंह के अनुसार 1 मई से मकानों की गणना शुरू कराने के लिए तैयारियां करायी जा रही हैं।

### बड़ी संख्या में सेपक टाकरा खिलाड़ियों को मिलीं विभिन्न विभागों में नौकरियां

# सेपक टाकरा में मेडल के साथ उज्ज्वल भविष्य भी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्पोर्ट्स कोटे से केंद्र व राज्य सेवाओं में बढ़ी नियुक्तियां
- उभरते खेल में भविष्य को लेकर खिलाड़ी अधिक आश्वस्त

**अमृत विचार :** सेपक टाकरा जैसे उभरते खेल में अब खिलाड़ियों के लिए सिर्फ पहचान और मेडल ही लक्ष्य नहीं रह गया है, बल्कि खिलाड़ियों के लिए कॅरियर के रास्ते भी खुलने लगे हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अब केंद्र और राज्य सरकार की नौकरियों में स्पोर्ट्स कोटे के जरिए चयनित हो रहे हैं। जिससे इस खेल की तस्वीर तेजी से बदल रही है।

पहले सेपक टाकरा को सीमित अवसरों वाला खेल माना जाता था, लेकिन हाल के वर्षों में इसमें संभावनाएं बढ़ी हैं। विभिन्न सरकारी विभागों में खिलाड़ियों को खेल कोटे के तहत प्राथमिकता मिलने लगी है। इसके चलते खिलाड़ियों को आर्थिक सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक पहचान भी मिल रही है। उत्तर प्रदेश सेपक टाकरा एसोसिएशन के महासचिव सुमिल एस सीरिया ने बताया कि स्पोर्ट्स कोटे के जरिए मिल रही नौकरियों ने युवाओं का रुझान इस खेल की ओर बढ़ाया है। यही वजह है कि प्रशिक्षण में भी गंभीरता और प्रतिस्पर्धा का स्तर बढ़ा है। ग्रामीण और छोटे शहरों के खिलाड़ी भी इस खेल की ओर आकर्षित हो रहे हैं। एसोसिएशन के ज्वाइंट सेकेट्री तान सिंह ने बताया कि यदि इसी तरह से खिलाड़ियों को अवसर और सुविधाएं मिलती रहीं, तो सेपक टाकरा खेल देश में एक मजबूत करियर विकल्प के रूप में स्थापित हो सकता है। सेपकटाकरा के खिलाड़ी लकी ने कहा कि खेल कोटे से नौकरी में प्रदेश के युवाओं को अधिक मौका मिलना चाहिए। अन्य प्रदेश के खिलाड़ियों के आने से प्रदेश के खिलाड़ी को प्रदेश में मौका कम मिल पाता हैं। प्रदेश में प्रदेश के ही खिलाड़ियों को मौका मिलना चाहिए।

### एसएम सीरिया ने सेपक टाकरा को दी पहचान

सेपक टाकरा को बरेली में पहचान दिलाने का श्रेय एसएम सीरिया को जाता है। उन्होंने सेपक टाकरा को1985 में स्थापित किया था। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि सेपकटाकरा प्रदेश के 35 से 40 जिलों में खेले जाने लगा। यह खेल राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बना चुका है और खिलाड़ियों को करियर के अवसर भी मिलने लगे हैं।

### इन खिलाड़ियों को मिली नौकरी

सेपक टाकरा के माध्यम से पोस्ट ऑफिस, इनकम टैक्स, पैरामिलिट्री फोर्स में नौकरी कर रहे हैं। इसमें भारतीय डाक विभाग में लकी, मनीषा कुमारी, शिवानी कन्नोजिया, डॉली, शुभम कन्नोजिया, नेहा खान, शैफाली उपाध्याय की नौकरी लगी है। इनकम टैक्स विभाग में तरुण कुमार, अर्द्धसैनिक बल एसएसबी में खुशबू हेड कांस्टेबल और शिल्पी कुमारी कांस्टेबल हैं।ये खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में अपने अपने विभाग से अवकाश लेकर प्रतिभाग करते हैं।

# रामनवमी की छुट्टी पर भी डटे रहे कर्मचारी

### 31 मार्च की डेडलाइन का दिखा असर, अगले तीन दिन भी रहेगा दफ्तरों में काम का बोझ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** वित्तीय वर्ष 2025-26 के समाप्त होने में महज चार दिन का समय शेष बचा है। ऐसे में सरकारी विभागों पर बजट को खपाने और निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने का भारी दबाव है।

शुक्रवार को रामनवमी का सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद जिले के अधिकांश सरकारी कार्यालय खुले नजर आए। विकास भवन से लेकर नगर निगम , जिला उद्योग केंद्र और लोक निर्माण विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभागों में सामान्य कार्य दिवस की तरह ही चहल-पहल रही। दफ्तरों में अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी यह बताने के लिए काफी थी कि 31 मार्च की समय सीमा को लेकर शासन स्तर से कितनी सख्ती है।

दरअसल, वित्तीय वर्ष के अंतिम सप्ताह में करोड़ों रुपये के सरकारी भुगतानों को क्लीयर करना और आवंटित बजट का उपयोग सुनिश्चित करना अनिवार्य होता है। यदि 31 मार्च की रात तक बजट खर्च नहीं होता, तो वह स्वतः ही ''लैप्स'' हो शासन के पास चला जाता है। इसी नुकसान से बचने के लिए पीडब्ल्यूडी में सड़कों के निर्माण कार्यों के बिल और नगर निगम में विकास कार्यों के भुगतानों को अंतिम रूप देने का काम चलता रहा। इसके अतिरिक्त, विकास भवन में ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा और लक्ष्य प्राप्ति के लिए कर्मचारी कंप्यूटरों पर डटे रहे। जिला उद्योग केंद्र में भी विभिन्न अनुदान योजनाओं और ऋण आवेदनों की पेंडेंसी खत्म करने की कोशिश की गई ताकि लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके। अधिकारियों का कहना है कि 31 मार्च तक का काम का यह दबाव बना रहेगा, जिसके चलते शनिवार और रविवार को भी कई कार्यालयों में कामकाज जारी रहने की संभावना है।


विकास भवन में जिला दिव्यांग कार्यालय में काम करते कर्मचारी। ● अमृत विचार


नगर निगम के टैक्स विभाग कार्यालय में काम निपटाते कर्मचारी। ● अमृत विचार


जिला समाज कल्याण विभाग में काम में लगे कर्मचारी।


जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में कर्मचारी। ● अमृत विचार

# रामनवमी पर 286 रजिस्ट्रियां 26.67 करोड़ राजस्व मिला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दो दिन की छुट्टी में भी खुला रहा रजिस्ट्री दफ्तर

**अमृत विचार :** नवरात्र में छुट्टी के दिनों में आठवें दिन और नवमी को रजिस्ट्री कार्यालय में सुबह से ही भीड़ रही। शनिवार को नवमी को 286 रजिस्ट्रियां कराते हुए 26.67 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया।

ज्यादातर लोग परिवार की महिलाओं के नाम पर प्लॉट की रजिस्ट्रियां करा रहे हैं। एआईजी स्टांप तेज सिंह यादव ने बताया कि बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) कार्यालय में भी गुरुवार को रजिस्ट्री के लिए विशेष कैंप लगाया गया। मार्च माह के अंत तक अधिक से अधिक रजिस्ट्रियां कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राजस्व बढ़ाने की इसी रणनीति के तहत 31 मार्च तक रजिस्ट्री कार्यालय को रविवार के दिन भी खोला जा रहा है जिससे क्लोजिंग मंथ में लक्ष्य प्राप्त करने में मदद मिले। उन्होंने बताया कि राम नवमी को सदर प्रथम में 63 रजिस्ट्री और 8400150 का राजस्व, सदर द्वितीय में 59 रजिस्ट्री 4905730 राजस्व, फरीदपुर में 53 रजिस्ट्री 7466040 राजस्व, मीरगंज में 15 रजिस्ट्री 978450 राजस्व, आंवला में 30 रजिस्ट्री 1453270 राजस्व, बहेड़ी 32 रजिस्ट्री 2267140 राजस्व, नवाबगंज में 34 रजिस्ट्री 1208940 राजस्व प्राप्त हुआ। जो शनिवार को ही सिर्फ 26679720 राजस्व दिलाने में मदद की।

### बसपा के दो विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष हटाए

**बरेली, अमृत विचार :** बसपा सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर गांव चलो अभियान के संबंध में जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह ने जिले के नौ विधानसभा अध्यक्षों के साथ बैठक की। नवाबगंज विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष हरीश सागर और भोजीपुरा के राजेंद्र गौतम के काम संतोषजनक न मिलने पर हटा दिया गया। नवाबगंज विधानसभा क्षेत्र में नन्हें लाल सागर और भोजीपुरा में आशू सागर को नया अध्यक्ष नियुक्त किया। सभी को हिदायत दी गई कि बसपा सुप्रीमो के दिए निर्देश में जो भी लापरवाही करेगा, उसे फौरन पद से हटा दिया जाएगा। बसपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि दोनों अध्यक्ष पार्टी में समय पूरी तरह से नहीं दे पा रहे थे जिसके कारण काम प्रभावित हो रहा था। जिसे देखते हुए दोनों को हटाया गया है।

## कैटरर्स एसोसिएशन ने सिलेंडर को लेकर की बैठक

**बरेली, अमृत विचार:** कैटरर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने गैस की किल्लत को लेकर बीसलपुर रोड स्थित एक निजी होटल में गुरुवार की देर रात बैठक की। एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश वैष्णवी और राजेंद्र रावत के संचालन में हुई बैठक में बताया गया कि गैस की कमी, डीजल-पेट्रोल की लगातार बढ़ती कीमतों और खाद्य सामग्री के दामों में उछाल से कैटरिंग लागत काफी बढ़ गई है। इसका सीधा असर अब ग्राहकों पर पड़ना तय है। कैटरर्स ने साफ किया कि देर रात तक चलने वाले कार्यक्रम स्टाफ के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। ऐसे में अब रात 12 बजे के बाद कार्यक्रम जारी रखने के लिए 25 हजार का अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। ऐसे में अब कैटरिंग चार्ज में 25 से 50 हजार रुपये तक की बढ़ोतरी संभव है।


रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सविसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हैल्थ स्कीम
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था


## टॉफी, चॉकलेट के सेवन से बच्चों के दांतों में लग रहा कीड़ा

- डेंटल विशेषज्ञों ने बताए बढ़ती समस्या, गंभीर दुष्प्रभाव और बचाव के उपाय

**बरेली, अमृत विचार:** बच्चों के दांतों में कीड़ा लगने की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के विशेषज्ञों के अनुसार समय रहते इलाज न होने पर समस्या गंभीर हो सकती है।

विशेषज्ञ कहते हैं कि टॉफी, चॉकलेट, बिस्किट और पैक्ड जूस का सेवन दांतों में कीड़ा लगने का सबसे बड़ा कारण है। सही तरीके से ब्रश न करना, रात में दूध या मीठा लेकर सो जाना (बॉटल फीडिंग) और मुंह में मौजूद बैक्टीरिया द्वारा शुगर को एसिड में बदलना भी दांतों को नुकसान पहुंचाता है। यदि स्थिति गंभीर हो जाए तो दांत टूट सकते हैं या समय से पहले गिर सकते हैं, जिससे स्थायी दांतों के आने में गड़बड़ी हो सकती है। साथ ही मुंह से बदबू, सूजन और पस (इन्फेक्शन) जैसी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। बच्चों के दंत विशेषज्ञ (पेडोडॉन्टिस्ट) के अनुसार, शुरुआती अवस्था में ही दांतों की नियमित जांच और फ्लोराइड ट्रीटमेंट या सीलेंट जैसी विधियों से इस समस्या को रोका जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि कुछ आसान आदतों को अपनाकर समस्या से बचा जा सकता है। इसमें बच्चों को दिन में दो बार ब्रश कराने, मीठे खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित करने, भोजन के बाद कुल्ला करने की आदत सिखाने, 6 महीने में एक बार दंत चिकित्सक से जांच कराने, रात में दूध पिलाने के बाद मुंह साफ करने की आदत डलवाएं।

## 'निधि आपके निकट' शिविर में समस्याओं का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सहायक भविष्य निधि आयुक्त संजीव सिंह ने सुनीं समस्याएं
- बरेली और मुरादाबाद मंडल के आठ जिलों में शिविर आयोजित

**अमृत विचार:** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के क्षेत्रीय कार्यालय ने शुक्रवार को बरेली और मुरादाबाद मंडल के आठ जिलो में विशेष आउटरीच कार्यक्रम निधि आपके निकट 2.0 का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य भविष्य निधि सदस्यों, पेंशन भोगियों और नियोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

इज्जतनगर स्थित मेसर्स इंडियन वुड प्रोडक्ट्स में मुख्य शिविर में सहायक भविष्य निधि आयुक्त संजीव सिंह ने शिकायतें सुनीं और उनके निस्तारण को आवश्यक निर्देश दिए। अंशधारकों से अपील की कि वह अधिकतम लाभ के लिए अपने आधार कार्ड और पासबुक जैसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ इन शिविरों में आएं। ई-नॉमिनेशन, यूएएन सक्रिय और केवाईसी अपडेट के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं के बारे में भी सदस्यों को बताया गया। एक मानवीय पहल के तहत, क्षेत्रीय कार्यालय की टीम ने उन पेंशनभोगियों के घर जाकर जीवन प्रमाण पत्र का सत्यापन किया जिनकी पेंशन रुकी हुई थी। बड़ी संख्या में उपस्थित सदस्यों और पेंशनभोगियों ने मौके पर ही अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर ईपीएफओ की सेवाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया।

## मौसम ने बदला मिजाज बारिश ने किया ठंडा

**बरेली, अमृत विचार:** शहर में मौसम ने शुक्रवार को अचानक करवट बदली। गुरुवार देर रात चली तेज हवाओं के बाद सुबह आसमान में घने बादल छाने के साथ ही शुक्रवार सुबह रिमझिम बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया। इसके बाद धूप ने जोर दिखाया लेकिन दोपहर में तेज हवाओं के साथ बारिश से ठंडक का एहसास होने लगा।

मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 2 डिग्री की गिरावट के बाद 32.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 19.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कमजोर पड़ने के कारण 29 मार्च से 1 अप्रैल तक बरेली सहित प्रदेश में हल्की से मध्यम तक बारिश होने की संभावना है। इस दौरान तापमान में भी 3 से 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखने को मिलेगी।

## इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज ने ओरल हेल्थ मंथ के उपलक्ष्य में जागरुकता वॉकाथन निकाली

**बरेली, अमृत विचार:** इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज बरेली में ओरल हेल्थ मंथ के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जागरुकता वॉकाथन का आयोजन किया गया। यह वॉकाथॉन संस्थान परिसर से प्रारंभ होकर सुरेश शर्मा नगर चौराहा तक निकाली गई।

कार्यक्रम में संस्थान के यूजी एवं पीजी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ संकाय सदस्यों और स्टाफ ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने तख्तियां और पोस्टर लेकर लोगों को दांतों की स्वच्छता, नियमित ब्रशिंग और मीठे पदार्थों के अत्यधिक सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। स्वस्थ दांत, स्वस्थ जीवन, दिन में दो बार ब्रश करें, मुस्कान को मजबूत करें और मीठा कम खाएं, दांतों को सुरक्षित बनाएं आदि के नारे लगाए। संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि ओरल हेल्थ मंथ के अंतर्गत आगे भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, कैंप और स्क्रीनिंग आयोजित किए जाएंगे।



कार्यक्रम में शामिल इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के छात्र-छात्राएं।

## तेज हवा में हुए फॉल्ट से बिजली गुल

**बरेली, अमृत विचार:** शुक्रवार दोपहर तेज हवा और बूंदाबांदी के चलते कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। लोकल फाल्ट और फेस नहीं आने से लेकर ट्रिपिंग की समस्या बनी रही।

सिविल लाइन द्वितीय सब स्टेशन के सिविल लाइंस और बिहारीपुर क्षेत्र में रात 7 बजे से 8 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। सनसिटी सब स्टेशन के जोगी नवादा के एक मोहल्ले में भी बिजली का संकट रहा। सिविल लाइंस तृतीय सब स्टेशन के सूफी टोला में पूरा दिन फेस नहीं आने की समस्या रही। किला सब स्टेशन के हुसैन बाग बाकरगंज आदि इलाकों में लो वोल्टेज की दिक्कत रही। कालीबाड़ी गंगापुर सुभाष नगर, ग्रीन पार्क, मढ़ीनाथ, दुर्गा नगर, कुतुब खाना मिशन सब स्टेशन डीडी पुरम रामपुर गार्डन समेत अन्य इलाकों में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान हुए। सिविल लाइन क्षेत्र में ट्रांसफार्मर का डंपर उड़ने से दिक्कत हुई।

## विद्यार्थियों ने पोस्टर से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्पंदन 2026 'उत्सर्ग' में होंगे फैशन शो, ग्रुप डांस और डीजे नाइट सहित 16 से ज्यादा

**अमृत विचार:** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च में शुक्रवार को दो दिवसीय सांस्कृतिक फेस्ट स्पंदन 2026 ''उत्सर्ग'' का आयोजन शुरू हुआ। विद्यार्थियों ने गीत संगीत और नृत्य से सभी को मुग्ध कर दिया।

सीईटीआर के डीन एकेडेमिक्स डॉ. शैलेश सक्सेना, कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल डॉ. मुथु महेश्वरी, सीईटी के प्राचार्य डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डायरेक्टर प्लेसमेंट सेल डॉ.अनुज कुमार एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण कर किया। ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने कहा कि प्रतिभा को निखारने के लिए ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने ट्रस्ट के एडवाइजर सुभाष मेहरा के साथ आर्ट गैलरी का उद्घाटन किया। पोस्टर के माध्यम से विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



एसआरएमएस सीईटीआर में कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

केयरिंग हैंड क्लब की सेक्रेटरी सिमरनजीत कौर व वर्व के सेक्रेटरी वैभव पांडेय ने सभी लोगों का आभार जताया। प्रथम दिन मीडिया कैनवस, आर्ट गैलरी, रंगोली, फेस ऑफ, स्पार्क एवं स्प्राउट, स्ट्रीट प्ले, बैंड ओ मैनिया और फैशन शो का आयोजन हुआ।